# भारतीय वायुसेना / INDIAN AIR FORCE

## भारतीय वायुसेना में ग्रुप 'सी' सिविलियन पदों की सीधी भर्ती

### (विज्ञापन संख्या - 01/2025)

नीचे उल्लिखित विभिन्न वायु सेना स्टेशनों/यूनिटों में निम्नलिखित ग्रुप 'सी' सिविलियन पदों की भर्ती के लिए पात्र भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित किए जाते है. पात्र उम्मीदवार अपना आवेदन संबंधित स्टेशनों/यूनिटों को भेज सकते हैं. पदों का विवरण नीचे दिया गया है:-

**पूर्वी वायु कमान, भारतीय वायुसेना**

| क्रम सं. | डाक पता पद | पद | कुल रिक्तियों की संख्या | वह श्रेणी जिसके लिए पद निर्धारित किया जाना चाहिए | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | यूआर | ओबीसी | एससी | एसटी | ईडब्ल्यूएस | पीडब्ल्यूबीडी* | ईएसएम |
| 1. | एयर ऑफिसर कमांडिंग, एयर फोर्स स्टेशन अर्जन सिंह, पानागढ़, पश्चिम बंगाल – 713 148 | लोअर डिविजन क्लर्क (एलडीसी) | 10 | 05 | 02 | 01 | 01 | 01 | 01(A) | 01 |
| | | हिंदी टाइपिस्ट | 01 | 01 | - | - | - | - | - | - |
| | | कुक (ओजी) | 12 | 05 | 03 | 02 | 01 | 01 | - | 01 |
| | | स्टोर कीपर | 16 | 08 | 04 | 02 | 01 | 01 | 01(A) | 02 |
| | | बढ़ई (एसके) | 03 | 03 | - | - | - | - | - | - |
| | | पेंटर (एसके) | 03 | 03 | - | - | - | - | - | - |
| | | मल्टी-टास्किंग स्टाफ (एमटीएस) | 53 | 23 | 11 | 12 | 02 | 05 | 02 {(C), (D)} | 05 |
| | | मेस स्टाफ | 07 | 05 | 01 | 01 | - | - | - | - |
| | | लॉन्ड्रीमैन | 03 | 03 | - | - | - | - | - | - |
| | | हाउस कीपिंग स्टाफ (एचकेएस) | 31 | 14 | 06 | 07 | 01 | 03 | 01 (B) | 02 |
| | | वल्केनाइजर | 01 | 01 | - | - | - | - | - | - |
| | | सिविलियन मैकेनिकल ट्रांसपोर्ट ड्राइवर (साधारण ग्रेड) | 08 | 04 | 02 | 01 | 01 | - | - | 01 |
| | | कुल | **148** | **75** | **29** | **26** | **07** | **11** | **05** | **12** |
| 2. | एयर ऑफिसर कमांडिंग एयर फोर्स स्टेशन, तेजपुर असम – 784 104 | लोअर डिविजन क्लर्क (एलडीसी) | 01 | 01 | - | - | - | - | - | 01 |
| **पश्चिमी वायु कमान, भारतीय वायुसेना** | | | | | | | | | | |
| 3. | वायु सेना अधिकारी कमांडिंग, वायु सेना स्टेशन, अंबाला अंबाला कैंट (हरियाणा) पिन - 133001 | हिंदी टाइपिस्ट | 01 | 01 | - | - | - | - | - | 01 |
| **वायु सेना केंद्रीय लेखा कार्यालय (एएफसीएओ), आईएएफ** | | | | | | | | | | |
| 4. | एयर ऑफिसर कमांडिंग, वायु सेना केंद्रीय लेखा कार्यालय (एएफसीएओ), सुब्रतो पार्क, नई दिल्ली - 110 010 | लोअर डिविजन क्लर्क (एलडीसी) | 03 | 02 | - | 01 | - | - | 03 {(A), (B), (D)} | - |

नोटः रिक्तियों की संख्या भिन्न हो सकती है.

**नोटः- यूआर** - अनारक्षित, **एससी** - अनुसूचित जाति, **एसटी** - अनुसूचित जनजाति, **ओबीसी** - अन्य पिछड़ी जाति, **पीडब्ल्यूबीडी** - बेंचमार्क दिव्यांगता वाले व्यक्ति, **ईडब्ल्यूएस** - आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग, **ईएसएम** - भूतपूर्व सैनिक.

| | | |
|---|---|---|
| *बेंचमार्क दिव्यांगता वाले व्यक्ति (PwBD) | (ए) | (ए) अंधापन और कम दृष्टि |
| | (B) | (बी) बधिर और कम सुनने वाले |
| | (सी) | (सी) चलने-फिरने में अक्षमता जिसमें मस्तिष्क पक्षाघात, कुष्ठ रोग से ठीक हुए लोग, बौनापन, एसिड अटैक पीड़ित और मांसपेशीय दुर्विकास शामिल हैं |
| | (D) | (डी) Autism, intellectual disability, specific learning disability and mental illness |
| | | (ई) खंड (ए) से (डी) के अंतर्गत आने वाले व्यक्तियों में से बहुविध दिव्यांगताएं जिनमें बहरापन-अंधापन भी शामिल है |
| एससी/एसटी/ओबीसी/ईडब्ल्यूएस/पीडब्ल्यूबीडी/ईएसएम के लिए आरक्षण | पीडब्ल्यूबीडी/ईएसएम के लिए आरक्षित कोटे के अंतर्गत चयनित व्यक्तियों को भी यूआर/एससी/एसटी/ओबीसी/ईडब्ल्यूएस श्रेणियों के बीच पद आधारित रोस्टर में समायोजित किया जाएगा. | |

2. **आयु सीमाः** - सभी पदों के लिए 18-25 वर्ष (आयु-सीमा निर्धारित करने के लिए महत्वपूर्ण तिथि आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि है).

**(क) आयु में छूटः** -

(i) ओबीसी वर्ग के उम्मीदवारों के लिए 03 वर्ष.

(ii) एससी/एसटी वर्ग के उम्मीदवारों के लिए 05 वर्ष.

(iii) शारीरिक रूप से दिव्यांग उम्मीदवारों के लिए 10 वर्ष. (एससी, एसटी वर्ग के शारीरिक रूप से दिव्यांग उम्मीदवारों के लिए अतिरिक्त 05 वर्ष और ओबीसी वर्ग के लिए 03 वर्ष).

(iv) **भूतपूर्व सैनिकः** भूतपूर्व सैनिक जिन्होंने सशस्त्र बलों में कम से कम 06 महीने की निरंतर सेवा की है, उन्हें अपनी वास्तविक आयु से ऐसी सेवा की पूरी अवधि घटाने की अनुमति दी जाएगी और यदि परिणामी आयु निर्धारित अधिकतम आयु से तीन वर्ष से अधिक नहीं है, तो उन्हें आयु सीमा के भीतर माना जाएगा.

(v) अनारक्षित पद के लिए आवेदन करने वाले अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों को आयु सीमा, अनुभव आदि में किसी भी छूट का अधिकार नहीं है.

(vi) **विभागीय कर्मचारीः-**

अनारक्षित के लिए 40 वर्ष

अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के लिए 45 वर्ष

**नोटः- सभी पात्र उम्मीदवारों के लिए आयु में छूट प्रचलित सरकारी निर्देशों के अनुसार है.**

3. प्रत्येक पद के लिए शैक्षणिक योग्यता/वेतनमानः-

| क्र. सं. | पद | वेतनमान | शैक्षिक योग्यता/अनुभव |
|---|---|---|---|
| 1. | लोअर डिविजन क्लर्क (एलडीसी) | लेवल-2, वेतन मैट्रिक्स 7वें सीपीसी के अनुसार | किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से 12वीं कक्षा उत्तीर्ण.<br>कंप्यूटर पर अंग्रेजी में 35 शब्द प्रति मिनट या हिंदी में 30 शब्द प्रति मिनट की टाइपिंग गति (35 शब्द प्रति मिनट और 30 शब्द प्रति मिनट प्रत्येक शब्द के लिए 5 'की डिप्रेशन' के औसत पर 10500 KDPH/9000 KDPH के अनुरूप है) |
| 2. | हिंदी टाइपिस्ट | लेवल-2, वेतन मैट्रिक्स 7वें सीपीसी के अनुसार | किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से 12वीं कक्षा उत्तीर्ण.<br>कंप्यूटर पर अंग्रेजी में 35 शब्द प्रति मिनट या हिंदी में 30 शब्द प्रति मिनट की टाइपिंग गति (35 शब्द प्रति मिनट और 30 शब्द प्रति मिनट प्रत्येक शब्द के लिए 5 'की डिप्रेशन' के औसत पर 10500 KDPH/9000 KDPH के अनुरूप है) |
| 3. | स्टोर कीपर | लेवल-2, वेतन मैट्रिक्स 7वें सीपीसी के अनुसार | **आवश्यकः** किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड या विश्वविद्यालय से 12वीं कक्षा या समकक्ष योग्यता.<br>**वांछनीयः** सार्वजनिक या निजी क्षेत्र में प्रतिष्ठित प्रतिष्ठान के स्टोर में स्टोर संभालने और लेखा रखने का अनुभव. |
| 4. | सिविलियन मैकेनिकल ट्रांसपोर्ट ड्राइवर (साधारण ग्रेड) | लेवल-2, वेतन मैट्रिक्स 7वें सीपीसी के अनुसार | **आवश्यकः** किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड या विश्वविद्यालय से मैट्रिकुलेशन पास या समकक्ष योग्यता; हल्के और भारी वाहनों के लिए वैध सिविल ड्राइविंग लाइसेंस होना चाहिए; ड्राइविंग में पेशेवर कौशल और मोटर तंत्र का ज्ञान होना चाहिए; मोटर वाहन चलाने में न्यूनतम दो वर्ष का अनुभव. |
| 5. | कुक (साधारण ग्रेड) | लेवल-2, वेतन मैट्रिक्स 7वें सीपीसी के अनुसार | किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से मैट्रिकुलेशन के साथ खानपान में प्रमाण पत्र या डिप्लोमा; ट्रेड में एक वर्ष का अनुभव. |
| 6. | पेंटर (कुशल) | लेवल-2, वेतन मैट्रिक्स 7वें सीपीसी के अनुसार | किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड या संस्थान से 10वीं पास.<br>औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से पेंटर के ट्रेड में सर्टिफिकेट या<br>उपयुक्त ट्रेड में भूतपूर्व सैनिक जैसे पेंटर |
| 7. | बढ़ई (कुशल) | लेवल-2, वेतन मैट्रिक्स 7वें सीपीसी के अनुसार | किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड या संस्थान से 10वीं पास.<br>किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से बढ़ई के ट्रेड में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान प्रमाणपत्र या<br>उचित ट्रेड में भूतपूर्व सैनिक जैसे बढ़ई रिगर |
| 8. | हाउस कीपिंग स्टाफ (HKS) | लेवल-1, वेतन मैट्रिक्स 7वें सीपीसी के अनुसार | किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड या विश्वविद्यालय से मैट्रिकुलेशन पास या समकक्ष योग्यता. |

